करने वाले श्याम है

फागुन का मेला जो आया छोड़ चलो सब काम है,
करने वाले श्याम है कराने वाले श्याम है,

होती है गज़ब शता फागण के मेले की,
लाखो की भीड़ मिले नहीं बात अकेले की,
स्वर्ग से सूंदर लगने लगता पावन खाटू धाम है,
करने वाले श्याम है कराने वाले श्याम है,

बच्चे और भुड़े सभी मस्ती में झूमते है,
बाबा की चौखठ को श्रद्धा से चूमते है,
रंग बिरंगी ध्वजा हाथ में जुबा पे श्याम का नाम है,
करने वाले श्याम है कराने वाले श्याम है,

कही भजे मंजीरा ढोल कोई नाचे घूमर गाल,
कोई चिंता फ़िक्र नहीं कोई नाच नाच बे हाल,
मेले की मस्ती सब लुटे करे न कोई आराम है,
करने वाले श्याम है कराने वाले श्याम है,

पारस तो खाट चला बाबा के दर्शन को,
किरपा की दौलत से भर लेगा दामन को,
चोखानी भी करे पौहंच कर बारम बार परनाम है,
करने वाले श्याम है कराने वाले श्याम है,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5455/title/karne-vale-shyam-hai-karane-vale-shyam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |